## संक्षिप्त

### अवैध निर्माण कार्य को लेकर विरोध

**मनोहरपुर, (निसं)।** कस्बे के होद की पाल स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के सामने सार्वजनिक पार्क में अवैध निर्माण कार्य कर अतिक्रमण करने के मामले को लेकर पालिका उपाध्यक्ष ने ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष पूजा कुलदीप ने ज्ञापन में बताया कि होद की पाल पंचमुखी हनुमान मंदिर स्थित सार्वजनिक पार्क पर चबूतरा व चार दिवारी खिंचवाकर अवैध रूप से अतिक्रमण करने की नियत से निर्माण करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया की सार्वजनिक पार्क के मुख्य दरवाजे की चाबियां भी मंदिर के पुजारी के पास ही रहती है। वह गेट पर ताला लगाकर चाबियां अपने साथ ले जाते है जिससे आसपास के लोग उस पार्क में टहलने भी नहीं जा पाते हैं। कई लोगों ने बताया की गेट पर ताला लगा होने से वापस ही लोट जाते है। उपाध्यक्ष ने बताया की इससे पूर्व में भी विधायक के द्वारा इस पार्क में निर्माण करवाया गया है। पुजारी का कहना है की सार्वजनिक पार्क पर कोई भी किसी प्रकार का कब्जा नहीं कर रहा है यह सार्वजनिक पार्क सभी का है। इस पार्क को सभी उपयोग में ले सकते हैं। इस पार्क पर निर्माण करवाने का उद्देश्य केवल यहां की गंदगी दूर हो सके और यह सर्व समाज के काम आ सकें। भविष्य में भी इस पार्क में सभी धर्मो के लोग उपयोग कर सके।

### श्याम संकीर्तन में बही भजनों की गंगा

**नारायणपुर, (निसं)।** क़स्बा स्थित श्याम मंदिर में गत रात्रि को 38वाँ वार्षिकोत्सव व श्याम जागरण आयोजित किया गया। श्याम संकीर्तन में रात भर श्याम बाबा के भजनों की गंगा बही। जागरण की शुरुआत श्याम बाबा की अखण्ड ज्योत और अलौकिक श्रृंगार के साथ स्थानीय कलाकार के द्वारा गणेश वंदना के साथ की गई। इस दौरान टिंकू म्यूजिक ग्रुप जयपुर के सानिध्य में अशोक सांवलिया (अलवर), मनोज पारीक (जयपुर), मनीषा सैनी (सीकर), अनिल कुमार चिढ ावा सहित अनेक कलाकारों ने श्याम बाबा के भजनों की प्रस्तुती दी। वही जयपुर से आए कलाकार मनोज पारीक के भजनों पर श्याम भक्त जमकर नाचे। इस दौरान ख़ुशी झांकी आर्ट ग्रुप बल्वगढ के द्वारा धार्मिक प्रसंगों से सम्बन्धित जीवंत झांकी राधा-कृष्ण, हनुमान जी आदि की आकर्षक झांकी प्रस्तुत की गई। मंच संचालन रमेश जिंदल ने किया। सुबह सामूहिक आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर मंदिर महंत मुन्नादास महाराज, मुकेश अग्रवाल, राकेश सोनी, योगेश गर्ग, राजेन्द्र यादव, बृजमोहन सैनी सहित बडी संख्या में लोग मौजूद थे।

### श्रद्धालुओं ने चढ़ाई ध्वजा

**नारायणपुर, (निसं)।** कस्बा स्थित चौगान मंदिर वाले बाल हनुमानजी महाराज का मेला मंगलवार को मंदिर महंत तुलसीदास महाराज के सानिध्य में आयोजित हुआ। मेले के दौरान सुबह पुरुषोत्तमदास आश्रम से मुख्य बाजार होते हुए चौगान मंदिर तक राम दरबार के साथ शोभायात्रा निकाली गई। 101 श्रदालुओं ने डीजे पर नाचते-गाते हुए बाल हनुमानजी महाराज के ध्वजा चढ ाई, दोपहर से भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमे कस्बे सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। स्थानीय कलाकार जयराम ठेकला द्वारा दोपहर से नेहडा कार्यक्रम आयोजित किया गया। शाम को आरती के साथ आतिशबाजी का प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर बडी संख्या में लोग मौजूद थे।

### हनुमान जयंती पर भंडारे का आयोजन

**अलवर, (निसं)।** अरावली पर्वत स्थित छटंकी वाले हनुमान मंदिर में मंगलवार को हनुमान जयंती का आयोजन किया गया इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन भी रखा गया जिसमें सैकडों की संख्या में भक्त जनो ने प्रसादी ग्रहण की। मंदिर के पुजारी देवदत्त शर्मा और हनुमान भक्त खेम चंद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि छंटकी हनुमान मंदिर में हर साल की भांति हनुमान जन्म दिवस का आयोजन मंगलवार को किय गया इस अवसर पर सुबह सवा नो बजे सुन्दर कांड का आयोजन किया गया एवं सवा बारह बजे खीर-मालपुआ की प्रसादी तैयार कर हनुमान जी महाराज को भोग लगाया गया इसके बाद अटूट भण्डारे का आयोजन किया गया। यहां पर उल्लेखनीय है कि अरावली पर्वत की पहाडियों पर पथरीले रास्तों पर चढ ते हुए भक्तगण मंदिर तक पहुंचते है। आज भीषण गर्मी और धूप ने भी भक्तों के पाव नही रोके और भक्त भरी दोपहर को पहाडी के रास्तों पर चलते हुए मंदिर में प्रसादी ग्रहण करने पहुंचे।

# मतदान से पहले 72 घंटों की एसओपी की पालना सुनिश्चित हो : पर्यवेक्षक लाकरा

**टोंक, (निसं)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा टोंक-सवाई माधोपुर संसदीय क्षेत्र के लिये लगाये गये सामान्य पर्यवेक्षक दीप्रवा लाकरा ने कहा कि टोंक-सवाई माधोपुर में 26 अप्रैल 2024 को दूसरे चरण में मतदान होगा। इसको लेकर आयोग द्वारा 72 घंटों की एसओपी की अक्षरशः पालना सुनिश्चित की जाए तथा चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य को बहुत ही संवेदनशीलता के साथ पूरा किया जाये।

सामान्य पर्यवेक्षक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में टोंक विधान सभाओं के एआरओ, पुलिस अधिकारियों, प्रकोष्ठ प्रभारियों एवं केंद्रीय पुलिस बल को आवश्यक निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि आयोग के निर्देशों के अनुरूप मतदान दलों की रवानगी, समय पर मॉक पोल, वास्तविक मतदान प्रारंभ किया जाये तथा निर्धारित प्रपत्रों में सूचना प्रेषित की जाए। निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण से जुडी टीमें, उडन दस्तें, एसएसटी, वीएसटी एवं वीवीटी सर्तक रहे। विशेषकर संवेदनशील क्षेत्रों में या व्यय संवेदनशील पॉकेटों में निगरानी रखी जाए। ऐसी व्यवस्था हो ताकि कम समय में प्रभावी रिस्पॉंस हो सकें।



सामान्य पर्यवेक्षक दीप्रवा लाकरा ने कलेक्ट्रेट सभागार में टोंक विधान सभाओं के एआरओ, पुलिस अधिकारियों, प्रकोष्ठ प्रभारियों एवं केंद्रीय पुलिस बल को आवश्यक निर्देश दिये।

■ 'एआरओ, सेक्टर ऑफिसर व पुलिस अधिकारी सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण करें'

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौम्या झा ने कहा कि एआरओ, सेक्टर ऑफिसर व पुलिस के अधिकारी क्षेत्र में जाकर अपने सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर लें तथा मतदान केंद्र पर सभी मूलभूत सुविधाओं को देख लेवें। उन्होंने कहा कि ईवीएम परिवहन के दौरान एसओपी की 100 प्रतिशत पालना सुनिश्चित की जाये। आवंटित वाहन में ही ईवीएम का परिवहन करे। मतदाता जागरूकता के लिए प्रत्येक मतदाता को बूथ पर लाने की कार्य योजना बनाई जाए। इसमें मतदान दिवस पर स्वीप वॉर रूम की विशेष भूमिका रहेगी। कम मतदान वाले मतदान केंद्रों, एफएसटी, एसएसटी की गतिविधियों, मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग, मतदान केंद्र पर 100 मीटर, 200 मीटर के साइनेज तथा कानून व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

पुलिस पर्यवेक्षक के. नारायण ने कहा कि मतदान के 72 घंटे पूर्व और अधिक चौकसी की आवश्यकता रहती है। संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस विशेष निगरानी रखते हुए शिकायत मिलने पर तुरंत कार्यवाही करें। सभी वाहनों की चेकिंग समुचित की जाए तथा चुनाव के दौरान उपयोग में आने वाली सामग्री, लिकर इत्यादि के परिवहन को लेकर ध्यान रखा जाए तथा सीजर की प्रभावी कार्यवाही की जाये। पुलिस अधीक्षक संजीव नैन ने कहा कि स्थानीय पुलिस एवं केंद्रीय पुलिस बल समन्वय बनाकर कार्य करें, ताकि जिले में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न हो सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र में चारदीवारी होनी चाहिए। अगर किसी मतदान केंद्र में चारदीवारी नहीं है, तो बैरिकेडिंग कर व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। बैठक में व्यय पर्यवेक्षक मयूर गजानन कांबले, उप जिला निर्वाचन अधिकारी (एडीएम) सुरेश चौधरी, सीईओ प्रतिष्ठा पिलानिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## सी.एम.एच.ओ. ने बी.डी.एम. अस्पताल का निरीक्षण किया



सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने मरीजों के हालात जाने।

**कोटपूतली, (निसं)।** कोटपूतली-बहरोड सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल के पीएमओ डॉ. सुमन यादव के साथ जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया।

जिला नोडल अधिकारी रविकांत जांगिड ने बताया कि मौसमी बीमारियों को देखते हुए सीएमएचओ ने पीएमओ के साथ जिला अस्पताल की विजिट की। सीएमएचओ व पीएमओ द्वारा संयुक्त रूप से वार्ड एवं साफ सफाई की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। पीएमओ ने बताया की मौसमी बीमारियों के दौरान संस्था पर ओपीडी की संख्या में बढोतरी हुई है। प्रतिदिन लगभग 30 से 40 मरीज संस्था पर उल्टी, दस्त एवं बुखार के भर्ती हो रहे हैं।

सीएमएचओ डॉ. शेखावत ने गर्मी के मौसम को देखते हुए वार्ड में कूलर लगवाने एवं वार्डो में स्थित टॉयलेट की दिन में दो से तीन बार सफाई करवाने के निर्देश दिये। सीएमएचओ द्वारा वार्ड में भर्ती मरीजों के हालात भी जाने। पीएमओ ने जिला अस्पताल में सभी प्रकार की दवाईयां एवं जांच की उपलब्धता की जानकारी दी। इस दौरान नर्सिंग अधिकारी मक्खन लाल व पूरणमल सहित चिकित्सक एवं वार्ड प्रभारी मौजूद रहे।


## पति ने पत्नी की धारदार हथियार से हत्या की

**राजगढ, (निसं)।** थाना क्षेत्र के ग्राम ढिगावडा में आपसी झगड़ा फसाद के चलते विवाहिता की उसके पति ने धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी। इस हादसे की सूचना से आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

थाना प्रभारी रामजीलाल मीणा ने बताया कि ढिगांवडा ग्राम में महिला की हत्या करने की सूचना मिली। इस पर मौके पर पहुंच कर मृतक महिला का शव राजगढ के चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस थाना प्रभारी ने बताया कि ग्राम खेडला थाना

■ हत्या का कारण आपसी झगड़ा होना बताया

मालाखेडा निवासी देवी दयाल मीणा ने दर्ज कराया की उसकी बहन कालीबाई मीणा का विवाह मई 2012 में ढिगांवडा निवासी श्री राम पुत्र रंगलाल मीणा के साथ हुआ। 6 -7 वर्ष के दो लडके हैं। 22 एवं 23 अप्रैल की रात्रि को उसके पास फोन आया कि आपकी बहन का आपके जीजाजी ने गला काट दिया। मौके पर मैं पहुंचा तो मैंने देखा कि किसी धारदार हथियार से बहन का गला काट दिया। मेरे जीजा जी श्री राम मीणा मौके पर नहीं मिले एवं फरार हो गए। इधर पुलिस ने मृतका का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराकर लाश परिजनों को सौंप दी। थाना प्रभारी ने बताया कि प्राथमिक तौर पर हत्या का कारण आपसी झगडा फसाद होना माना जा रहा है।





पुलिस ने मृतका का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराकर लाश परिजनों को सौंप दी।

### जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**अलवर, (निसं)।** विश्व पृथ्वी दिवस पर रेटल्स प्ले स्कूल और एमएनसीआई कान्वेंट स्कूल के बच्चों के संयुक्त तत्वाधान में जहां पेडों की अंधाधुंध कटाई को रोकने की प्रतिज्ञा ली वहीं शहर के नंगली सर्किल पर पृथ्वी के बचाव के लिए रैटल्स प्ले स्कूल के बच्चों ने जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नन्हे मुन्ने बच्चे ईच डे अर्थ डे, सेव द मदर अर्थ, अर्थ का कुछ करो वरना अनर्थ हो जाएगा, आने वाली पीढी है अगर प्यारी तो पृथ्वी को बचाना है हमारी जिम्मेदारी स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर शहर वासियों को जगाने के संकल्प को लेकर पूरे जोर से लबरेज नजर आ रहे थे। स्कूल प्रिंसिपल डॉ शालिनी शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिन हमारे आने वाली पीढि यों के लिए पृथ्वी और उसके पारिस्थितिक तंत्र की रक्षा और संरक्षण के लिए हमारी जिम्मेदारी की याद दिलाता है। उन्होंने शुद्ध पर्यावरण के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण और वृक्षारोपण करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। बच्चों ने स्कूल परिसर में लगे पौधों में पानी डालकर कार्यक्रम की शुरुआत की।

## श्रीमाधोपुर में अयोध्या महंत ने श्री कृष्ण गोशाला का किया भ्रमण

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** श्री कृष्ण गोशाला अजीतगढ़ में अवधबिहारी कुंज मंदिर अयोध्या के महंत गणेशदास महाराज ने गोशाला का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं, गौसेवा कार्य के विभिन्न पहलुओं के बारे में बारीकी से जानकारी लेकर प्रबंधन की सराहना की वहीं बेहतर प्रबंधन, गोशाला भौतिक ढांचे की व्यवस्थाओं को लेकर सुझाव भी दिए।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि समस्त देवताओं का सामूहिक दर्शन गौ माता में होते है। वर्तमान दौर में गायों की दुर्दशा हो रही है। प्रत्येक व्यक्ति को गौसेवा और गोशाला प्रबंधन में सहयोग करना चाहिए। अवधबिहारी कुंज मंदिर अयोध्या महंत गणेशदास महाराज, गोशाला अध्यक्ष चैतन्य मीणा, सचिव मूलशंकर शर्मा, कोषाध्यक्ष मोहन लाल पारीक, व्यवस्थापक महेश दीवान, सह व्यवस्थापक जगदीश प्रसाद स्वामी, कार्यकारिणी सदस्य पवन कुमावत, महेश रामावत, जयराम बड़सीवाल ने श्री कृष्ण गोशाला अजीतगढ़ की स्थापना तथा वर्तमान कार्यकारिणी द्वारा किए गए कार्यों के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर महंत श्री को गोशाला के गौ आवास, गोवंश के चारे, पानी की व्यवस्था, पक्की भट्टियों से गौ सवामनी समेत अन्य कार्यों की जानकारी दी।



गोशाला प्रबंधन ने महंत गणेशदास महाराज का माल्यार्पण करके अभिनंदन किया।

■ व्यवस्थाओं को देखकर जताई खुशी, प्रबंधन के लिए दिए सुझाव

उन्होंने कहा कि गोशाला प्रबंधन द्वारा किए जा रहे गौसेवा कार्य सराहनीय है, शहर, गांव के लोगों को भी इस गौसेवा के पुनीत कार्य में भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने गौ भक्तो के द्वारा जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ समेत अन्य कार्यों के बारे में किए जा रहे गौ सेवा मुहिम की प्रशंसा की।

इस मौके पर गोशाला प्रबंधन ने महंत श्री का माल्यार्पण करके अभिनंदन किया गया। गोशाला प्रबंधन ने गोशाला में विभिन्न आवश्यकताओं के बारे में भी जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर सह कोषाध्यक्ष गोपाल मीणा, गोशाला सदस्य जेपी जाट, दुर्गा प्रसाद सोनी, महेश जोशी, जीएल टेलर समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

## सार-समाचार

### जर्जर सड़क का निर्माण कार्य शुरू



**निवाई, (निसं)।** शहर की महावीर कॉलोनी में स्थित सरस्वती स्कूल के पीछे की जर्जर सडक का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। निर्माण कार्य शुरू हो जाने से स्कूल में आने वाले बच्चों एवं अभिभावकों व कॉलोनीवासियों में खुशी की लहर दौड गई। सडक का निर्माण हो जाने पर विद्यालय में आने वाले अभिभावकों व बच्चों को राहत मिलेगी। नगरपालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी ने बताया कि सरस्वती विद्या मंदिर के पीछे महावीर कॉलोनी में सडक निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। सीसी रोड का निर्माण 30 लाख की लागत से होगा। सहायक अभियंता चंद्र प्रकाश मीणा ने बताया कि सडक के दोनों तरफ नालियां बनाई जाएगी। सीसी रोड की मोटाई 8 इंच रहेगी। जानकारी के अनुसार सडक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी तथा उसमें गहरे-गहरे गड्ढे हो गए थे जिससे मकानों से निकलने वाला गन्दा पानी भी सडक पर भरा रहता था। जिससे विद्यालय में आने वाले बालक-बालिकाओं, अभिभावकों एवं कॉलोनी वासियों को गंदे पानी में से होकर गुजरना पड रहा था।

### राजस्थानी लोकनृत्य की रही धूम

**अलवर, (निसं)।** कला साहित्य संस्कृति पुरातत्व विभाग राजस्थान राजस्थान सरकार एवं लोक कला संस्थान अलवर द्वारा 23 अप्रैल को आईएमए हॉल राजीव गांधी चिकित्सालय अलवर में राजस्थानी लोक नृत्य की धूम रही। संस्था अध्यक्ष चेतन प्रकाश ने बताया कि राजस्थानी लोक नृत्य की 13 से 22 अप्रैल तक कार्यशाला का प्रशिक्षण दिया तथा 23 अप्रैल का प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन डॉ. गिरीश गुप्ता तथा राज्यपाल यादव प्राचार्य राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय तिजारा द्वारा किया गया। इसके बाद घनश्याम प्रजापत द्वारा गणेश वंदना, केसरिया बालम से सभी मेहमानों को स्वागत किया गया। इसके बाद शिष्य शिष्यों द्वारा चरी लोक नृत्य, कालबेलिया, ग्रामीण भवाई लोक नृत्य, घूमर लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गई तथा अंतर्राष्ट्रीय लोक कलाकार बनयसिंह के निर्देशन में मेवाती लोक नृत्यों की कार्यशाला समापन पर मेवाती खारी नृत्य, लांगुरिया नृत्य, मयूर नृत्य, भपंग वादन, सूफी कलाम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉक्टर एस सी मित्तल, मित्तल हॉस्पिटल अलवर, विशिष्ट अतिथि राजपाल यादव प्राचार्य राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय तिजारा कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉक्टर गिरीश गुप्ता सहित बी डी गुप्ता, रेनू, मनोज, प्रेमलता कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का साफा पहनकर सम्मान किया गया। मंच पर छोटेलाल, इकबाल मकबूल, महमूद खान राजेश कुमार सोनिया उर्मिला पूनम, पूनम नायक, नीलम प्रजापत, जाकिर, दीपक प्रजापत, संजय, अमन, हीना, काजल, सीमा, दुर्गा ने प्रस्तुति में हिस्सा लिया तथा लोक कला संस्था अलवर द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन धर्मवीर पाराशर द्वारा किया गया।

### बीसीएमओ ने विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों का किया निरीक्षण

**कोटपूतली, (निसं)।** बीसीएमओ डॉ. पूरणचन्द गुर्जर ने मंगलवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर-आरोग्य परम धनम् उपस्वास्थ्य केन्द्र जोधपुरा, कांसली, मान्जुकोट, भूरी भडाज, जगदीशपुरा, सरूण्ड, रायकरणपुरा, खेडा निहालपुरा एवं रामगढ समेत पीएचसी बसई, भालोजी एवं राजनौता का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर, स्वास्थ्य केन्द्र की साफ-सफाई, दवा वितरण, आरसीएच रजिस्टर, परिवार कल्याण सेवायें आदि का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान पीएचसी बसई बंद मिली एवं भालोजी पर डॉ. रोहित कुमार, एएनएम पूनम, एल ए रूपनारायण व राजनौता पर एसएनओ रोहिताश, एनओ प्रदीप कुमार योगी, जीएनएम हरिश कुमार व महेन्द्र कुमार यादव एवं एएनएम जया देवी अनुपस्थित मिली। जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। उप स्वास्थ्य केन्द्र कांसली पर सीएचओ प्रियंका मीणा 5 अप्रैल से अनुपस्थित पाई गई। उप स्वास्थ्य केन्द्र सरूण्ड, रायकरणपुरा एवं रामगढ बन्द पाये गये। बन्द पाये जाने पर उप स्वा. केन्द्र सरूण्ड पर सीएचओ सीमा गुर्जर, एएनएम सुमित्रा यादव, रायकरणपुरा पर सीएचओ मंजीता बाई, एएनएम एकता यादव एवं रामगढ पर सीएचओ मुकेशी, एएनएम मधु शर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। साथ ही मांजुकोट पर सुमनलता एएनएम, जगदीशपुरा पर सुनिता सैनी एएनएम अनुपस्थित मिली जिन्हें भी नोटिस जारी किया गया। पीएचसी गोनेडा एवं देवता में मासिक सैक्टर बैठक लेकर एनएचएम के कार्यक्रमों की समीक्षा की गई।

### कलेक्टर ने निर्माणाधीन कॉलेज भवन का अवलोकन किया

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पाथरेडी में निर्माणाधीन स्थानीय कृषि महाविधालय के भवन का मंगलवार को जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। डीन डॉ. सुरेन्द्र सिंह ने महाविधालय के भवन, बालिका छात्रावास, पुरूष छात्रावास व डीन आवास के निर्माण कार्य की जानकारी दी। साथ ही महाविधालय की विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया। जिला कलेक्टर ने महाविधालय की समस्याओं के निवारण के लिये सम्बंधित अधिकारियों को मौके पर ही निर्देशित किया। जिला कलक्टर ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा कृषि कॉलेज के लिये तय मापदण्डों के बारे में चर्चा की तथा उसके अनुरूप महाविधालय के विकास का सुझाव दिया। डीन ने महाविधालय की जमीन के अतिक्रमण की समस्या के बारे में बताया। साथ ही पाथरेडी में जीरो एन्र्जी कैम्पस बनाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर पावटा तहसीदार, डॉ. महेन्द्र कुमार जैन, सरदारमल यादव, विक्रम यादव, जयप्रकाश यादव, डॉ. विष्णु शंकर मीणा, डॉ. नीरज मीणा, डॉ. पार्वती दीवान, डॉ. सुरेन्द्र कुमार, राजकुमार सिंह, महेश गुर्जर व हिम्मत सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## सी.आर.पी.एफ. के डी.आई.जी. अनिल कुमार शहीद बुनकर के घर पहुंचे

**पावटा, (निसं)।** ग्राम रामपुरा में मंगलवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल अजमेर के डीआईजी अनिल कुमार सिंह, रामप्रकाश सहायक उपनिरीक्षक, हरिकिशन उपनिरीक्षक, महेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, सेठी, मनीन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने कोबरा बटालियन शहीद मुकेश कुमार बुनकर के समाधि स्मारक पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की।

■ शहीद की वीरांगना सहित परिवारजनों का सम्मान किया

वही डीआईजी अनिल कुमार सिंह ने शहीद के पिता पूर्व सरपंच रामसहाय बुनकर, माता कमला देवी, वीरांगना बीना देवी, पुत्र ब्रिजेश जेवरिया, बेटी मोनिका, ममता, रिशिका, विकास जेवरिया, बाबूलाल सहित परिवार जनों का माल्यार्पण, साफा, शॉल, मिठाई व फल भेंट कर समानित किया। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ.पूरणमल बुनकर ने बताया कि शहीद मुकेश कुमार बुनकर 2012 में झारखंड के नक्सलियों के विरुद्ध ऑपरेशन पैंथर में मुठभेड के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए थे। जिन्हें 2014 में राष्ट्रपति द्वारा पुलिस वीरता पदक से भी समानित किया गया था। शहीद परिवार से धोखाधडी कर रुपए हडपने, शहीद स्मारक चारदीवारी निर्माण व शहीद परिवार को अन्य सुविधाएं व अन्य देय लाभ की मांग की गई। इस पर सीआरपीएफ अधिकारियों ने परिजनों को कैंटीन स्मार्ट कार्ड भेंट कर अन्य समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान सुभाष बुनकर, रतन लाहोरा, सुभाष कुमावत, भोमाराम, राजु रूडंला, रवि जेवरिया, निकिता वर्मा, भानु प्रताप, आशु, खुशी, संदीप वर्मा सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।



डीआईजी अनिल कुमार सिंह ने शहीद के परिवार जनों का सम्मान किया।

## बालाजी मन्दिर में भजन संध्या आयोजित

**निवाई, (निसं)।** हनुमान जयंती महोत्सव पर रेलवे स्टेशन के समीप बालाजी मन्दिर में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें गायक कलाकारों के भजनों पर श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया।

जैन धर्म प्रचारक राकेश संघी एवं हितेश छाबडा ने बताया कि भजन संध्या का शुभारंभ मुख्य अतिथि उधोगपति मूलचंद व त्रिलोकचंद जैन ने बालाजी मंदिर में पूजा अर्चना के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। भजन संध्या की शुरुआत गायक कमल शर्मा सुरिया वनस्थली ने गणेश वन्दना एवं गुरु वन्दना के साथ की। इसके बाद गायक कमल शर्मा ने छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना, मानुंगा बाबा तुझपे भरोसा है, हारे हारे हारे हारे के सहारे, मेरी झोपडी के भाग आज खुल जाएंगे राम आयेंगे, बांस की बांसुरिया पे धणो इतरावे, श्याम बाबा श्याम बाबा आया हूं में धणी दूर से, दरबार सांवरिया ऐसो सजो प्यारों, ओ सांवरे मेरे सरकार हो, गायक विमल जौंला ने चाकर राख ल्यो बालाजी थारो बहुत बडों दरबार, गर जोर मेरो चाले हीरा मोत्या सूं नजर उतार दूं, गायक विमल सोगानी ने भी भजनों की प्रस्तुतियां दी। भजनों पर श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किए।

विमल जौंला ने बताया कि भजन संध्या का मंगलाचरण लाडदेवी जैन, अनिता जैन, रेशू जैन, किट्टी जैन, टीना जैन, प्रियंका जैन व संजू जौंला ने किया। कार्यक्रम में बालाजी महाराज की आकृषक झांकी सजाई एवं महिलाओं ने रंगोली सजाकर बालाजी महाराज की अगुवानी की। भजन संध्या में राजेश, बंटी जैन, कमल टोडवाल, चिंटू जैन, आशु पांडया, पप्पूलाल सोहेला, विक्रम पराणा, सोनू राजवंशी, प्रदीप सेनी, महावीर प्रसाद बोंली, बाबूलाल जैन, नरेंद्र जैन, मुकेश संघी, हेमचंद संघी, अजीत काला, सुशील सोगानी, महेन्द्र जैन, कमल सोगानी व विनोद संघी सहित कई लोग मौजूद थे।



निवाई के बालाजी मन्दिर में गायकों ने विशाल भजन संध्या में भजनों की प्रस्तुतियां दी।